संख्या- 3126 /71-3-2010-सी0एम0यू0-133/2008

प्रेषक,

ए0के0 बरनवाल,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0 लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-3 लखनऊः दिनांक 7/9 ~~अगस्त~~, 2010

विषय- राजकीय मेडिकल कालेजों में एम0सी0आई0 की निरीक्षण आख्या के अनुसार जूनियर रेजीडेण्ट/डिमान्सट्रेटर के पद सृजित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-एम0ई0/छात्रसेल/2010/84, दिनांक 12 मार्च, 2010 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय प्रदेश के विभिन्न राजकीय मेडिकल कालेजों में संलग्नक के अनुसार 55 अपंजीकृत नान पी0जी0 जूनियर रेजीडेण्ट/डिमान्सट्रेटर के पद दिनांक 28-02-2011 तक के लिए, बशर्ते यह पद इससे पूर्व बिना किसी सूचना के समाप्त न कर दिये जाये, सृजित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उपरोक्तानुसार सृजित नान पी0जी0 जूनियर रेजीडेण्ट/डिमान्सट्रेटर के अस्थायी पदों पर चयन एम0सी0आई0 द्वारा निर्धारित शैक्षिक अर्हता के अनुसार 01-01 वर्ष की अवधि के लिए किया जायेगा।

3- उपरोक्तानुसार सृजित पदों के पदधारकों को जूनियर रेजीडेण्ट प्रथम वर्ष के समतुल्य छात्रवेतन (वेतनमान 15600-39100, ग्रेड पे 5400/-) व अन्य भत्ते प्रदान किये जायेगें।

4- उक्त पदों पर चयन उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समय-समय पर जारी किये गये आरक्षण सम्बन्धी शासनादेशों एवं प्रक्रिया के अनुसार किया जायेगा।

5- उक्त पदों के सृजन के फलस्वरूप आने वाला व्ययभार अनुदान संख्या-31 के अंतर्गत प्राविधानित लेखाशीर्षक "2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-आयोजनागत-05-चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण एवं अनुसंधान-105-एलोपैथी-03-शिक्षा-0338-मेडिकल कालेज, आगरा-0339-गणेश शंकर विद्यार्थी स्मारक मेडिकल कालेज, कानपुर-0340--मेडिकल कालेज, इलाहाबाद-0341-मेडिकल कालेज, मेरठ-0342-मेडिकल कालेज, झांसी-0343-मेडिकल कालेज, गोरखपुर-21-छात्रवृत्तियां और छात्रवेतन" के नामे डाला जायेगा।

6- यह शासनादेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई0-3/1505/दस-2010, दिनांक 25 अगस्त, 2010 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय

(ए0के0 बरनवाल)
विशेष सचिव

शासनादेश संख्या- 3126/71-3-10-सी0एम0यू0-133/08, दिनांक 7/9 ~~अगस्त~~, 2010

का संलग्नक

क्रमांक	विभाग	पद संख्या						योग
		मेडिकल कालेज आगरा	मेडिकल कालेज कानपुर	मेडिकल कालेज मेरठ	मेडिकल कालेज गोरखपुर	मेडिकल कालेज इलाहाबाद	मेडिकल कालेज झाँसी	
1	एनाटॉमी	0	2	0	0	0	0	**2**
2	फिजियोलॉजी	0	2	0	0	0	0	**2**
3	बायोकेमेस्ट्री	2	3	2	0	2	0	**9**
4	माइक्रोबायोलोजी	2	3	1	1	1	0	**8**
5	फोरेन्सिक मेडिसिन	0	1	1	0	0	0	**2**
6	कम्यूनिटी मेडिसिन	0	2	0	0	0	0	**2**
7	टी0बी0 एण्ड चेस्ट	0	0	2	2	0	2	**6**
8	डर्मेटोलॉजी	0	3	0	0	2	2	**7**
9	साइकेट्री	0	3	2	2	2	2	**11**
10	डेन्टेस्ट्री	1	2	1	0	1	1	**6**
योग		**5**	**21**	**9**	**5**	**8**	**7**	**55**

(ए0के0 बरनवाल)
विशेष सचिव।